# पीएम अनुसंधान फेलो के लिये शुभम गोयल का चयन

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में झारखंड के शुभम गोयल को प्रधानमंत्री अनुसंधान फेलो (पीएमआरएफ) के लिये चुना गया है।

## प्रमुख बिंदु

- मानव संसाधन विकास मंत्रालय के द्वारा देश में शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिये प्रधानमंत्री अनुसंधान फेलो की शुरुआत की गई थी।
- इस योजना की घोषणा सर्वप्रथम 2018-19 के बजट में की गई थी।
- इस योजना के तहत पहले दो वर्ष के लिये 70,000 रुपए प्रतिमाह, तीसरे वर्ष में 75000 रुपए प्रतिमाह एवं चौथे एवं पाँचवें वर्ष में 80,000 रुपए प्रतिमाह की फेलोशिप प्रदान की जाती है। साथ ही रिसर्च ग्रांट के रूप में 2 लाख रुपए प्रतिवर्ष (5 वर्ष के लिये कुल 10 लाख रुपए) प्रदान किये जाते हैं।
- यह फेलोशिप पाने वाले शुभम गोयल वर्तमान में आई आई टी, दिल्ली से पीएचडी कर रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shubham-goyal-selected-for-pm-research-fellow